# नगर पालिक निगम भिलाई

## त्रैमासिक पत्रिका
## जनवरी, फरवरी, मार्च संस्करण
## 2016




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

## संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान, खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी छेत्रों में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मुलभुत सुविधाओं के साथ–साथ, षासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। अमृत मिषन योजना के अंतर्गत षहर को प्रदूषण मुक्त करने एवं षहर के नागरिकों को षुद्ध पेयजल प्रदान करने की कार्य योजना को समय पर पुरा करने के साथ निगम भिलाई ई–गवर्नेन्स रिफॉर्म क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवष्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## राज्य आपदा प्रबंधक योजना के तहत 2 नग अग्नि शमन वाहन निगम को उपलब्ध कराये गये

भिलाईनगर/ निगम भिलाई में अत्याधुनिक दो नग फायर बिग्रेड (अग्नि शमन वाहन) बुलाई गई है। जिसका उपयोग शहर में नगरिको के लिए किया जाएगा उन दोनो वाहन पर 90 लाख की राशि व्यय की गई है। आज आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने इन वाहनों को वाहन शाखा के प्रभारी अधिकारी हेमन्त साहू के साथ परीक्षण किया और उसके उपयोग व उसमें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली साहु ने बताया कि मल्टी पर्पस फायर टेन्डर उक्त वाहन अशोक लिलैण्ड 1616 (16टन) के चेसिस में फैब्रिकेशन किया गया है। यहअग्नि शमन वाहन सभी प्रकार के अग्नि जनित आपदा से निपटने में सक्षम है। जिसकी लागत 60 लाख है। इस वाहन में अनेक विशेषताए है। जैसे वाटर कम फोम टेण्डर इस वाहन में वाटर टैकर 4000 ली एवं फोन हैक 800 लीटर क्षमता की है। इसमें पानी एवं फोन दोनो को पृथक –पृथक एवं एक साथ भी उपयोग किया जा सकता है। फोन को अनुपतिक रूप से मिलाने हेतु इसमें वाटर कम फोन प्रोपोर्शविटर पंप के साथ दिया गया है। वाटर मिस्ट सिस्टम यह एक अत्याधुनिक सिस्टम है जिससे कि यदि पानी की मात्रा कम है। तब भी ज्यादा क्षेत्र में फैले आग से निपटा जा सकता है साथ निर्धारित दूरी से बिजली से उत्पन्न आग का भी निपटारा किया जा सकता है। इस वाहन में केबल विन्च सिस्टम उपलब्ध है जिसके द्वारा 7 टन क्षमता के किसी भी वस्तु को आटो आपरेटेड रिमोट सिस्टम के द्वारा खीचा जा सकता है। हाई मास्क लैप कार्य क्षेत्र को प्रकाशित करने हेतु इसमें रिमोट से संचालित हाई मास्क लैप लगाये गये है। साथ ही साथ उक्त वाहनों में ड्राइ केमिकल प्रोडक्टस सिलेण्डर इण्डेजिनियस फोम जेनेरेटर उच्च मापदण्ड के मानिटर बुलेट कैमरे एवं टी एफ टी एल सी डी लगाये गये है। वाटर कम फोम टेण्डर उक्त वाहन में पानी के साथ –साथ फोन टैंक के साथ अलग–अलग तरीके से अग्नि निपटारा किया जा सकता है इस वाहन मे भी उच्च मापदण्ड के मानिटर बुलेट कैमरे लगाये गये है।

उपरोक्ता दोनो वाहनों का अंतिम निरीक्षण परीक्षण सी. सी. एस. ठाकुर मुख्य अग्नि शमन अधिकारी कम सेक्योरिटी आधिकारी सी.एस.पी.जी.सी.एल रायपुर के नेतृत्व में आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, अधीक्षण अभियंता जी.एस. ताम्रकर कार्यपालन अभियंता जोन 02 वाहन डी के वर्मा के उपस्थिति में बी.एस.पी डैम नेवई में अग्नि शमन स्टाफ के सहयोग से सफलता पूर्वक किया गया । मल्टी पर्पस फायर टेण्डर के कुछ सिस्टम को आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा स्वंय संचालित किया गया और वाहन के कैबिन का निरीक्षण किया ।

भिलाईनगर/ महापौर देवेन्द्र यादव ने सुबह 6 बजें से अपने सघन जन सम्पर्क अभियान के तहत वार्ड क्रमांक–37 चन्दशेखर आजार नगर में पहुचकर वहॉ के निवासियों से मिले नागारिको के मुलभूत समस्यों से रूबरू हुए, ज्यादेतर लोगों की समस्या सफाई, नाली सफाई, नहर सफाई, गर्मी में पेयजल हेतु पानी व्यवस्था, सुलभ निर्माण, आदि से सम्बधित था। महापौर देवेन्द्र यादव सब की बातों को गंभीरता पूर्वक सुने सभी को शासन के नियमानुसार जो भी संसधान है, उसी के तहत सुविधा उपलब्ध कराने की बात हुई।

महापौर ने लोगों को बताया कि शासन की योजना घर–घर शौचालय बनाने की है, सभी लोग उसका लाभ उठाये, अपने नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है, इसलिए खुले मे शौच से मुक्ति का अभियान में सबकों सहयोग करना है, हम अपने घर की साफ–सफाई के बाद क़चरा इधर–उधर न फैके, निगम द्वारा निर्धारित जगह पर या घर–घर आने वालें सफाई कर्मचारी को कचरा देवे। महापौर ने निगम के स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा को हिदायत दी की स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त गैंग लगाकार सफाई व्यवस्था 15 दिनों के अन्दर दुरूस्त कि जावे, जब मै पुनः आऊॅ इस वार्ड में गंदगी की समस्या न रहे।

आज का दौरा कार्यक्रम में बैरागी मोहल्ला, शक्ति नगर, दुर्गापारा, तेलगु मोहल्ला, सुभाषनगर में रहा, दौरे के दौरान वार्ड–37 के पार्षद संदीप हिरवानी, विवेक चौधरी, विमल साहू, जन सम्पर्क अधिकारी अशोक पहाडिया, उप–अभियंता बसंत साहू, स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, स्वच्छता पर्यवेक्षक रामायण सिंह, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहें।






# सफाई व्यवस्था पर डेढ अरब से अधिक खर्च करेगा निगम

## महापौर परिषद ने दी स्वीकृति

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद ने वित्तीय वर्ष 2016–17 में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आज जोन स्तर पर स्वच्छता का कार्य करने का निर्णय लेते हुए जोन वार वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है, सभी जोन की सफाई व्यवस्था पृथक–पृथक एजेन्सी को देने के निर्णय से यह स्थिति स्पष्ट हो गई कि निगम अब सफाई का कार्य पांच एजेन्सियों के माध्यम से पृथक–पृथक रूप से करेगी, उनके ऊपर जोन के सम्पूर्ण क्षेत्र कि सफाई कार्य का दायित्व होगा। जिससे जोन की सफाई कार्य तेजी और सक्रियता से होगी। पृथक–पृथक जिम्मेदारी होने से एजेन्सियों पर निगम दवाब बना सकेगा, एजेन्सी को अपने जोन की जिम्मेदारी पूर्ण सफाई का कार्य करना होगा। महापौर परिषद ने नेहरू नगर जोन के लिए सड़को, बाजारो, वार्डो कि सफाई के लिए 144 कामगार 320 दिनों राशि 1,45,17,780.00 रूपये, नेहरू नगर जोन के अन्तर्गत 12 वार्ड में 120 कामगार के माध्यम से घर–घर से कचरा संग्रह कार्य हेतु 1,20,98,150.00 रूपये स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत साफ–सफाई कार्य हेतु 55,44,986.00 रूपये उसी प्रवित्त के कार्य पर वैशाली नगर जोन में 11 वार्ड के लिए 120 कामगार पर 320 दिनों में 1,33,07,965.00 रूपये डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर 1,10,89,971.00 रूपये मदर टेरेसा नगर जोन 3 में 6 वार्डो में 72 कामगार 320 दिनों की कार्य अवधि पर 72,58,890.00 रूपये साफ–सफाई पर व्यय किये जाने के साथ ही डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु जोन 3 के 6 वार्डो पर 60 कामगारों के माध्यम से 320 दिनों में 60,49,075.00 रूपये व्यय, जोन 2 स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सफाई कार्य हेतु 40,32,717.00 व्यय, इसी प्रकार जोन 3 स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत साफ–सफाई हेतु 55,44,946.00 रूपये, जोन 4 शिवाजी नगर खुर्सीपार के 12 वार्डो में 144 कामगार 320 दिनों तक साफ–सफाई कार्य हेतु 1,45,17,780,00 रूपये, जोन 4 में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य हेतु 1,20,98,150.00 रूपये व्यय, किये जाने के साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत जोन 4 में 40,32,717.00 रूपये व्यय, जोन 5 में 40,32,717.00 रूपये व्यय, एवं जोन 6 में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत साफ–सफाई कार्य पर 40,32,717.00 रूपये व्यय, जोन 6 रिसाली के 8 वार्डो में 80 कामगार के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु 80,65,433.00 रूपये व्यय, रिसाली जोन के 8 वार्डो के नाली, सड़क, बाजार, एवं अन्य सफाई कार्य के लिए 96 कामगारों से 320 दिवस कार्य लिए जाने पर 96,78,520.00 रूपये व्यय, किये जाने के प्रस्ताव पर महापौर परिषद. ने निविदा आंमत्रित करने की सहमति व्यक्त की है।

महापौर परिषद ने सम्पूर्ण निगम क्षेत्र से निकलने वाले दैनिक कचरों के संग्रहण एवं परिवहन, कार्य में लगे एप्पे, डी.पी., कम्पेक्टर, ट्रेक्टर, लोडर, आदि वाहनों को चलाने हेतु 65 वाहन चालक, 15 हेल्फर कामगार, 320 दिनों कि कार्य अवधि के लिए राशि 75,55,200.00 रूपये व्यय, के निविदा आमंत्रित किये जाने के साथ ही जोन 01, 02, 04, 06, के वार्डो से कचरा संग्रहण कर ट्रेचिंग ग्राउण्ड तक परिवहन कार्य के लिए किराये से वाहन उपलब्ध करवाये जाने जिसमें जे.सी.बी 04 नग, डम्पर 07 नग, 320 दिन इंधन व वाहन चालक सहित चैंन एक्सिवेटर 01 नग 150 दिनों के लिए इंधन एवं चालक सहित कुल व्यय 1,39,38,000.00 रूपये व्यय, कि निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान कि गई।

वार्ड क्रमांक 17 वृन्दा नगर में राम नगर मुक्तिधाम के पीछे नाली एव मार्ग निर्माण कार्य हेतु 65. 83 लाख रूपये व्यय कि निविदा आमंत्रित किये जाने कि स्वीकृति महापौर परिषद ने प्रदान की हैं। बैठक उपरांत महापौर ने सभी सदस्यों को होली पर्व की हार्दिक शुभकॉमनाएं प्रेंषित किया।

बैठक मे महापौर परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दिवाकर भारती, राजेन्द्र रजक, दुर्गा प्रसाद साहू, नरेश कोठारी, श्रीमती सुभद्रा सिंह, तुलसी पटेल, सुशीला देवागंन, सुश्री शोसन लोगन, श्रीमती सिदारन बानों आयुक्त जी.एस.ताम्रकार, सचिव जीवन वर्मा, उपस्थित थें।

## गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी मुख्य समारोह जिला स्तर पर रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में नगर निगम भिलाई के 14 अधिकारी–कर्मचारी सम्मानित होगें.

भिलाई–प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर पालिक निगम भिलाई में विभिन्न संचालित योजनाओ को सुचारू रूप से सफलता पूर्वक निष्पादित करने के फलस्वरूप गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2016 को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में माननीय प्रेम प्रकाश पाण्डेय राजस्व आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री के द्वारा सम्मानित किया जावेगा ।

उल्लेखनिय है कि सम्मानित होने वाले इन अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2015–2016 में शासन एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा सौंपे गये दायित्वों का प्रतिबद्धता एवं निष्ठापूर्ण निर्वहन किया है। जिसका उत्कृष्ठ कार्यो का विवरण नाम सहित इस प्रकार है । **श्री एस0 के0 बछोर** प्रभारी संपत्तिकर अधिकारी के पद पर कार्यरत है।इनके द्वारा संपत्तिकर की वसूली निगम भिलाई क्षेत्र में लक्ष्य के अनुरूप कियान्वित करने में अहम भूमिका रही है। इसके साथ ही साथ निर्वाचन के मतदाता सूची व मतदान केन्दो की समूचित व्यवस्था में उल्लेखनीय योगदान रहा है। **श्री चंद्रपाल हरमुख**स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। इनके द्वारा एन0पी0आर0 अद्यतन , स्मार्ट कार्ड, आधार पंजीयन, राशन कार्ड से संबंधित सभी कार्यालयीन कार्यो को विधिवत संपादित किया है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन जैसे सर्वोच्च प्राथ्म्य व समय सीमा में संपादित होने वाले राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को सफलता पूर्वक संपन्न किया है। **श्री भूपेश्वर देशमुख** सहायक ग्रेड–3 के पद पर कार्यरत है। इनके द्वारा विज्ञापन होडिंग्स , बाजार नीलामी, सायकल स्टैण्ड की नीलामी संबंधी राजस्व विभाग के कार्यो का सफलता पूर्वक संपादन किया गया है। साथ ही साथ निर्वाचन के लिपिकीय कार्य में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।**श्री राज सच्वर** डाटा एन्ट्री के पद पर कार्यरत है। नगर निगम के विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने प्रतिवेदन व सांख्यिकी ऑकडो का संकलन में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इनके द्वारा निर्वाचन में आवश्यक टंकण का कार्य भी सफलता पूर्वक संपादित किया गया । **श्री जावेद अली**प्रभारी स्वास्थ्य अधीक्षक के पद पर कार्यरत है। इनके द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न घटको के चरणबद्ध कार्यो को सुचारू रूप से संपादित किया गया है। इस मिशन के महत्वपूर्ण प्रतिवेदन तैयार करने में इनकी भूमिका अहम रही है। **श्री अशोक देवांगन**स्वच्छता निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। निगम क्षेत्र में बीमारियों के रोकथाम के लिये कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव एवं वार्डो में समूचित सफाई व्यवस्था कार्य को गति देने में इनकी भूमिका अहम रही है। **श्री विजय शेरेकर**चार्ज जनगणना अधिकारी के पद पर कार्यरत है। जनगणना के विभिन्न घटक में चरणबद्ध कार्यो को अपने निर्देशन सफलता पूर्वक अंजाम तक पहूंचाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। इनके द्वारा वार्ड स्तर पर आधार पंजीयन शिविर के कियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। **श्री यतीन्द्रनाथ देवांगन** राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्यरत है। नगर निगम. के संपूर्ण वार्ड क्षेत्र में अवैध कब्जे एवं अवैध निर्माण पर बेदखली दस्ता के साथ उपस्थित होकर सौंपे गये दायित्वों का विधिवत निर्वहन किया है। बेदखली व अतिकमण हटाने में इनकी भूमिका अहम रही है। **श्री अखिलेश वर्मा** सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत है। नगर निगम से संबधित विभिन्न न्यायालयीन प्रकरणो का लिपिकीय कार्य में इनकी कौशलता एवं सफलतापूर्वक कार्य संपादन में विशेष भूमिका रही है। **श्री बंछोरलाल कोसरे** कार्य सहायक ग्रेड 2 के पद पर कार्यरत है। इनके द्वारा वित्तीय वर्ष निगम क्षेत्र के सभी व्यावसायिक दुकानो का आबंटन /पंजीयन एवं वित्तीय राजस्व वसूली में के कार्यालयीन कार्य में विशेष भूमिका रही है। इसके अतिरिक्त लोकायुक्त , आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो तथा शासन स्तर के सभी प्रकरणो का त्वरित निराकरण समय सीमा में पूर्ण करने में भलीभांति दायित्वो का निर्वहन किया है**श्री बी0 एल0 असाटी**स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। मकानो/दुकानो एवं अन्यव्यावसायिक प्रतिष्ठानो की संपत्तिकर वसूली एवं नोटिस तैयार करने से संबंधित समस्त कार्यालयीन लिपिकीय कार्यो को सफलता पूर्वक संपादित किया है। **सुश्री प्रिया खैरवार** उप अभियंता के पद पर कार्यरत है। इनके द्वारा वर्ष 2015–2016 में शासन द्वारा महती योजना के अंतर्गत निजी शौचालय निर्माण कार्य के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में लक्ष्य के अनुरूप कार्यो को कियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही हैं **श्री रामायण सिंह ठाकुर :** स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर कार्यरत है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत निगम क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार व पॉलिथिन प्रतिबंध के कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहनकिया है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कार्य में भी सत्कार व्यवस्था में इनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। **श्री आर0के0 साहू** जोन आयुक्त एवं प्रभारी कार्यपालन अभियंता के पद पर कार्यरत है। नगर निगम क्षेत्र के समस्त वार्डो में पेयजल की व्यवस्था सूचारू रूप से संचालित करने में इनका योगदान उत्कृष्ठ रहा है।

**भिलाई शहर को खुले शौच से मुक्ति के लिए आयुक्त सहित निगम का अमला सक्रिय हुआ**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में लगभग 11000 निजी शौचालय पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिसमे से निगम भिलाई द्वारा 2719 निजी शौचालय पूर्ण किये जा चुके है, तथा 1320 निजी शौचालय निर्माणाधीन और 6922 अप्रारम्भं निजी शौचालय को मार्च तक पूर्ण करने हेतु प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा निर्देश दिये गये, बैठक में प्रमुख सचिव ने मार्च तक सम्पूर्ण क्षेत्र को खुले शौच से मुक्त करने हेतु लक्ष्य रखने को कहा, ज्ञात हो कि भिलाई जैसे विकसित क्षेत्र में भी आज भी खुले में शौच हो रहा है, जिससें निजाज पाने के लिए जिला प्रशासन, दुर्ग एंव निगम भिलाई प्रयास किये जा रहे है, इसी कडी में आज आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा (आई.ए.एस) द्वारा जोन क्र–01 एंव 03 के इन्पैनलमेंट ऐजेन्सी सबंधित उप अभियंता एंव मैदानी कर्मचारियों के साथ बैठक लेकर निजी शौचालय निर्माण के सबंध में कठे निर्देश दिये, उन्होनें कहा कि जो शौचालय का निर्माण प्रारंभ नहीं हुआ है, उन्हें 7 दिवस के भीतर प्रारंभ किया जाये, तथा निर्माणाधीन निजी शौचालय तत्काल पूर्ण किया जावे और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जावें।

आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा (आई.ए.एस) ने यह भी निर्देश दिये है, कि जिन घरों में निजी शौचालय निर्माण हो चुके है, उनके घर में हर घर नल हर घर शौचालय योजना के तहत नल कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें।

**राशनकार्ड हितग्राहियों को अपना आधार नंबर जानने के लिये शासन द्वारा निः शुल्क टोल फ्री नंबर 1967 नंबर जारी किया गया है.**

भिलाई– खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग छ0ग0 शासन रायपुर के द्वारा जनवरी 2016 तक जिले में प्रचलित राशन कार्डो में शामिल हितग्राही सदस्यों के आधार कमांक स्वैच्छिक रूप से प्राप्त कर राशन कार्ड डेटाबेस में सीडिंग करने का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। इस संबंध में शासन द्वारा राशनकार्ड धारियों व हितग्राही सदस्यों को अपना आधार नंबर की जानकारी नहीं होने या आधार कार्ड डाक के माध्यम से प्राप्त नहीं होने पर राज्य स्तरीय काल सेंटर की स्थापना की गई है। **जिसका टोल फ्री नंबर 1967 है।** उक्त आशय की जानकारी देते हुये सहायक आयुक्त व नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी ने बताया कि इस टोलफ्री नंबर पर राशनकार्ड हितग्राही अपना नाम पता मोबाईल नंबर या आधार पंजीयन का ईआईडी नंबर आदि की जानकारी देकर आधार नंबर के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है। यह कार्य माह जनवरी 2016 से संचालित किया जा चुका है।

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने अभियान



भिलाई 17 मार्च। नगर पालिक निगम भिलाई के जुनवानी क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत घर-घर शौचालय, खुले में शौच से मुक्ति शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाँने के लिए विशेष जन सम्पर्क अभियान चलाया गया घर-घर जाकर के शासन द्वारा बनाये जा रहे शौचालयों का निरीक्षण किया गया सभी को समझाया गया कि अपने घर का कचरा इधर-उधर न फेकें सभापति पी. श्याम सुन्दर राव, आयुक्त जी.एस.ताम्रकार, जोन अध्यक्ष राकेश अरोरा, वार्ड पार्षद श्रीमती नेहा महेन्द्र साहू सभी लोगों ने देखकर के आश्चर्य वक्त किया सभी घरों से शुद्ध पेयजल नालियों में बहाया जा रहा है, सभी घरों में नल की टोटी नही है। अपने घर के सभी बर्तनों में पानी भरने के बाद पानी का पाईप नालियो में छोड दिया जाता है, वहीं एक तहफ ग्राम खम्हरिया में लो प्रेसर के कारण पानी नही पहुच पा रहा है, दूसरी तरफ लोग शुंद्ध पेयजल को नालियों एवं शौचालयों मे बहा रहे है।

आयुक्त जी.एस.ताम्रकार ने सक्त आदेश देते हुए वार्ड वासियों को चेताया कि सभी लोग अपने घरों में नल की टोटी लगवाये नही तो सभी घरों के पानी का कनेक्शन काट दिया जावेगा। भ्रमण के दौरान आगंनबाडी का निरीक्षण किया गया यह देखा गया कि बच्चों को शुद्ध शासन का पोष्टिक भोजन दिया जा रहा है कि नही। वहाँ पर भी बच्चों के उपस्थिति कम पायी गई, सुलभ शौचालय के निरीक्षण के बाद यह पाया गया कि बहुत ही व्यवस्थित ढंग से निगम द्वारा बनाया गया शौचालय में भी वहाँ के नागरिक सही ढंग से उपयोग नही कर है, निगम द्वारा लाईट लगाया जाता है लोग सुबह आते है और लाईट तोड देते है। भ्रमण के दौरान वहाँ उपस्थित युवाओं से चर्चा कि गई तो एक सकरात्मक पहलू आया कि युवा लोग नन्द कुमार साहू, अनिल साहू, ललित बारले, छगन साहू, आदि ने स्वंय इस बात के लिए संकल्प लिये कि घर-घर जाकर पानी के बर्बादी को रोकेंगे। लोगों को जगरूक करेंगें। कार्यक्रम के दौरान वार्ड पार्षद कोहका पुरानी बस्ती से राजेश प्रधान, पूर्व जोन अध्यक्ष महेश वर्मा, पूर्व वार्ड पार्षद रमेंश दारद, जोन प्रभारी बी.के. देवांगन, प्रशासकीय अधिकारी संजय बागंडे, उप अभियंता आलोक पसीने, रवि सिन्हा, स्वास्थ्य प्रभारी आई.एल.यादव आदि उपस्थित रहें।

नगर पालिक निगम भिलाई

# अमृत मिशन के फंड से बुझेगी प्यास, सुधरेगा सीवरेज सिस्टम

- 27 फरवरी को जारी हो सकता स्वीकृत पत्र
- कई वार्डों में आज भी नहीं है पर्याप्त पानी

सिटी रिपोर्टर | भिलाई

शहर को सुपर स्मार्ट सिटी बनाने के लिए नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है। ये काम अमृत मिशन के तहत मिलने वाली राशि से होगा। मिशन के तहत भिलाई को 211 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। स्वीकृति पत्र 27 फरवरी को दिल्ली से जारी हो सकता है। 27 को दिल्ली में इसी विषय पर [illegible] है। जिसमें मेयर व आयुक्त शिरकत कर विकास की बात रखेंगे।

अच्छी बात ये है कि अमृत मिशन के तहत मिले फंड का उपयोग किन मदों में करना है यह पहले ही तय कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार 211 करोड़ रुपए में सबसे ज्यादा खर्च वाटर सप्लाई पर किया जाएगा। क्योंकि शहर के कई इलाकों में आज भी पीने का पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता। इसके बाद सीवरेज और वाटर ड्रेनेज सिस्टम पर काम किया जाएगा। इससे शहर की एक बड़ी आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही साथ शहर की सफाई व्यवस्था भी पूरी तरह से ठीक हो जाएगी।

## 1 लाख की आबादी वाले निगम को मिलेगा लाभ

अमृत मिशन में ऐसे नगर निगम को शामिल किया गया है, जिसकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। इसमें दुर्ग-भिलाई निगम शामिल हो गया है। हर वर्ष 100 करोड़ रुपए निगम को मिलेंगे। इसमें 50 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व बाकी राशि राज्य शासन और नगर निगम वहन करेगा। इस राशि के तहत इस पूरे प्रोजेक्ट का काम पूरा कर लिया जाएगा। इस मद के तहत होने वाले काम का रास्ता स्वीकृत हो चुका है।

**दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मेयर और आयुक्त रखेंगे विचार**



शहर को सुपर स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद में जुट गया नगर निगम।

## जानिए, किस काम के लिए कितना होगा खर्च

**वाटर सप्लाई (फेज-2) : 86 करोड़** रुपए खर्च होंगे। शहर में जल आवर्धन योजना के तहत फेस 1 का काम पूरा हो चुका है। इससे 70 फीसदी इलाके में पर्याप्त पानी मिल रहा है। वहीं फेज-2 का काम बाकी है। इससे [illegible], कोहका, रुआबांधा और भिलाई में ओवरहेड टंकी बनाई जाएगी।

**सीवरेज सेप्टेज : 86 करोड़** रुपए खर्च होंगे। यह बड़ी समस्या है। टाउनशिप, [illegible] नगर, [illegible], [illegible] नगर और हाउसिंग बोर्ड में ही सीवरेज लाइन है। जहां ट्रीटमेंट प्लांट भी है। लेकिन शहर के 80 फीसदी इलाके में इसकी कमी है। इसके लिए प्लान तैयार है।

**स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज (नाला) :** ज्यादातर वार्डों में नाली-नालों की जरूरत है। हर बार बारिश में इसकी कमी की वजह से लोगों के घरों में [illegible] पानी घुसता है। नाले बन जाने से लोगों को ये दिक्कत नहीं होगी। निगम ने इसके लिए 56 करोड़ रुपए की कार्ययोजना बनाई है।

**पार्क एंड ग्रीन स्पेसेज :** हर वार्ड में उद्यान बनाने की [illegible] है। वहीं जो उद्यान उजाड़ की स्थिति में है, उसे विकसित किया जाएगा। इस पर निगम के अफसरों ने करीब 5 करोड़ रुपए के खर्च का अनुमान लगाया है। इसमें सौंदर्यीकरण भी शामिल है।

**नॉन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट :** 65 करोड़ रुपए [illegible] [illegible] [illegible] 3 अंडरब्रिज, 10 फुटओवरब्रिज, चौक पर ट्रैफिक सिग्नल, पैदल के लिए अलग से रोड।

## शहर को सुपर स्मार्ट बनाने के लिए शुरू हो गया काम

शहर को सुपर स्मार्ट सिटी बनाने के लिए काम शुरू हो गया है। इसके तहत राशि की सहमति मिल गई है। राशि कहां-कहां खर्च होगी। इसके लिए प्लानिंग हो गई है। आने वाले समय में पानी की किल्लत नहीं होगी। हमारा पूरा फोकस मूलभूत समस्याओं के निराकरण पर है।
देवेंद्र यादव, मेयर, नगर निगम भिलाई

अमृत मिशन से 211 करोड़ रुपए की सहमति मिल गई है। इस महीने की अंतिम तारीख तक स्वीकृति पत्र जारी हो जाएगा। इसके बाद किन क्षेत्रों में राशि को खर्च करना है, इसका प्लान तैयार कर रहे हैं। राशि मिलते ही काम शुरू कर देंगे।
[illegible], [illegible], अमृत मिशन नगर निगम

# निगम की सभा में कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शासन के कल्याणकारी योजनाओं के तहत राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 2016 के कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 10 फरवरी एवं 15 फरवरी को 6 से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडॉजोल की गोली दवा प्रदान की जायेगी शासन द्वारा अनुदान प्राप्त स्कुलों के बच्चे लाभान्वित होगे। निगम क्षेत्र के 120 स्कुलों के प्रतिनिधि, प्रधान पाठक व प्राचार्य उपस्थित हुए, जिन्हें डॉ. एस.के जामगडे, शहरी परिवार केन्द्र सुपेला द्वारा उपयोगिता से सम्बधित जानकारी दी गई, दवा किस प्रकार से बच्चों को वितरित करना है, इसके लाभ गुणवत्ता आदि के बारे में बताया गया है, दवा का उपयोग नहीं करने से बच्चों में खुन की कमी, कुपोषण हो जाता है, बच्चें बीमार होते है उनका स्कुल छुट जाता है, गरीबी के कारण परिवार पर आर्थिक नुकसान होता है, शासन द्वारा दवा निःशुल्क प्रदान किया जायेगा, कृमि सक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए यह दवा सभी बच्चों को देना आवश्यक है हो सकता है कि कृमि संक्रमण के प्रभाव तुरन्त दिखाई न दे लेकिन बच्चों के स्वास्थ्य , शिक्षा और सम्पूर्ण विकास को लम्बे समय तक नुकसान पहुचा सकते है, कृमि नियंत्रण की दवाई कृमि सक्रमण को रोकथाम करती है, यह दवा खाली पेट दी जा सकती है दवा चबा-चबा कर खाने पर ज्यादे लाभदायक होता है यह दवा ध्व् और स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार ने कृमि नियंत्रण कार्यक्रम के लिए प्रस्तुत किया है।



नगर पालिक निगम भिलाई

# निर्मल चंद शर्मा का बिदाई समारोह

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत् निर्मल चंद शर्मा अनुलेखक, विष्णु प्रसाद चौकीदार, श्रीमती तीजमति एवं श्रीमती सीता बाई सफाई कामगार का बिदाई समारोह निगम के सभागार मे आयोजित किया गया। महापौर देवेन्द्र यादव सभापति पी.श्याम सुन्दर राव, नेता प्रतिपक्ष रिकेश सेन, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी श्रीमती सुभद्रा सिंह, आयुक्त जी..एस. ताम्रकार, सहायक आयुक्त अशोक द्विवेदी, ने सेवा निवृत हो रहे कर्मचारियों को शॉल श्रीफल, स्मृति चिन्हं, प्रदान कर सम्मानित किया, महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा कि सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को समारोह आयोजित कर उनके अंतिम कार्य दिवस पर बिदाई करना निगम भिलाई के अच्छी पहल है, मै पहली बार इसमें भाग ले रहा हुँ, ऐसे कर्मचारी जिन्होनें साडा से निगम बनने तक अपनी सेवाएँ देकर आज बिदा हो रहे है, ऐसे कर्मचारियों का सम्मान करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। सभापति श्री राव, श्री सेन एवं श्रीमती सुभद्रा सिंह, कर्मचारी संघ के धमेन्द्र मिश्रा, श्रवण ठाकुर, अनिल मेश्राम, ने भी अपने विचार रखे कार्यक्रम मे निर्मल चंद शर्मा ने अपनी स्वरचित कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन शरद दुबे ने किया।

इस अवसर पर प्रशांत शुक्ला, गुलजार वर्मा, मुर्ति शर्मा, सनत बन्छोर, मुकेश अग्रवाल, विजय सेरेकर, देवब्रत देवांगन, संजय शर्मा, रामायण सिंह, राजेन्द्र दुबे, नलनीश मिश्रा, राज सच्चर, विद्याधर देवांगन, श्रीमती सुधा गडपायले, श्रीमती भुनेश्वरी तिवारी, रमेंश वर्मा, सदन देवांगन, कृष्णा देशमुख, अजय शुक्ला, श्रीमती मजू चन्देल, मिलऊ देवांगन, मोहन, एम पाल, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई